ALL INDIA GOVERNMENT DRIVER'S FEDERATION

(Regd. No. S/00927 NE/2012/Dt. 13.06.12) Add. : Garage No. 3, M-Block, Vikas Bhawan, N. Delhi-110002

(Recognised by All States/Union Territories Vide Their Individual Affiliated State Govt.)

Website.: www.aigdf.org

President:
Rampher Pandey
(M) 9450018863
1/A, PWD Colony, 96, M.G. Marg,
Engg-in-Chief Campus,
Opp. Raj Bhawan,
Lucknow-226001 (U.P.)

Secretary General
Narender Singh (Delhi)
(M) 9210274309
Off. Tel. No. : 23378128
Email : aigdf16@gmail.com
Web.: www.aigdf.org

Ref. No.: AIGDF/2022/40 Dated: 18-05-2022

विषय :–11 जून 2022 को चालक दिवस आयोजन ।

प्रिय साथियों,

जैसा कि आप सभी जानते है कि 11 जून 2019 को दिल्ली में चालक दिवस और फेडरेशन के स्वर्ण जंयति के समारोह के शुभ अवसर पर दिल्ली के मुख्य सचिव श्री विजय देव आईएएस महोदय ने समारोह में आकर हम चालकों का मान बढाया था । इस अवसर पर "सारथी की आवाज" सोविनियर का भी विमोचन किया गया था । जिसमें हमारे सभी वरीष्ठ और सम्मानित साथियों के संदेश के साथ–साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारियॉ दी गई थी ।

कोविड महामारी के बढते प्रकोप के कारण 11 जून 2020 व 11 जून 2021 को केन्द्रिय स्तर पर दिल्ली में चालक दिवस का आयोजन नही हो पाया था, फिर भी हम लोगो ने दिल्ली में एक समारोह आयोजित करके खादय एवं सम्भरण आयुक्त दिल्ली सरकार के कर कमलो द्वारा वृक्षा रोपण का आयोजन किया गया था । लगाये गये सभी पेडो की देखभाल फेडरेशन व दिल्ली सरकार वाहन चालक कल्याण समिति के पदाधिकारी/सदस्यो द्वारा की जा रही है ।

दिल्ली में कोविड महामारी अभी तक पूर्ण रूप से नियंत्रण में नही आई है और दिन प्रतिदिन कोरोना के मरीजो की संख्या बढ रही है । अतः बडे पैमाने पर कोई भी कार्यकम आयोजित करना संभव नही हो पा रहा है । पिछले वर्ष की भॉति हम छोटे स्तर पर ही दिल्ली में 11 जून 2022 को चालक दिवस का आयोजन करेंगे ।

मेरा सभी राज्यों की राजकीय वाहन चालक समितियो/संघो के सम्मानित पदाधिकारियों से अनुरोध कि कोविड महामारी को देखते हुये सभी साथी अपने–अपने राज्य में चालक दिवस का आयोजन सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुरूप कर समारोह की फोटो सहित रिर्पोट केन्द्रिय कार्यालय को प्रेषित करे ।

कमशः......2

फेंडरेशन ने पत्र दिनांक 02–05–2022 को सचिव परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार को एक मांग–पत्र सौपा है जिसमें अनुरोध किया गया है कि 11 जून को केन्द्रिय स्तर पर चालक दिवस घोषित किया जाये । इस संबंध में हमने सचिव महोदय से एक बैठक आयोजित करने का अनुरोध भी किया है । हम आपसे पुनः अनुरोध करते है कि 11 जून को अपने–अपने राज्यों/जिला स्तर पर चालक दिवस का आयोजन कर चालकों के योगदान और महत्व को बनाये रखने में सहयोग करे । आपसी फूट और रंजिश को समाप्त कर एकता के साथ कदम आगे बढाने का संकल्प ले जिससे चालक एकता बनी रहे ताकि हम चालकों की मांगो को मनवाने के लिये सरकार को मजबूर कर सके ।

चालक एकता जिन्दाबाद चालक एकता जिन्दाबाद चालक एकता जिन्दाबाद

आपका साथी

(रामफेर पाण्डेय)
राष्ट्रीय अध्यक्ष

(नरेन्द्र सिहॅं)
राष्ट्रीय महासचिव

प्रेषण :–

1. सभी राज्य चालक वाहन समितियो/संघों के अध्यक्ष/महासचिव व्हाट्सएप के माध्यम से
2. फेडरेशन की कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी ।

व्हाट्सएप/फेसबुक/वेबसाईट के माध्यम से

(नरेन्द्र सिहॅं)
राष्ट्रीय महासचिव